# इंदौरी रोबोट केविन ने की आरती, गेस्ट को बुके दे किया वेलकम

## डीएवीवी आइइटी में स्टूडेंट्स का बनाया रोबोट लॉन्च

पत्रिका रिपोर्टर



इंदौर. डीएवीवी ऑडिटोरियम में मौजूद सैकड़ों स्टूडेंट्स उस वक्त हैरान रह गए, जब उन्होंने एक रोबोट को स्टेज पर आते देखा। रोबोट ने पहले माता सरस्वती को फूल अर्पित कर आरती की और फिर गेस्ट को बुके भी भेंट किया। दरअसल यह रोबोट केविन है, जिसे डीएवीवी के इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आइइटी), मेडिकेप्स कॉलेज के स्टूडेंट्स व रोबोट्रोनिक्स इंडिया के भूपेंद्र सिंह ने मिलकर तैयार किया है। भूपेंद्र सिंह के मुताबिक केविन एक सर्विस रोबोट है, जो इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी पर आधारित है। यह आवाज, इंटरनेट, ब्लूटूथ से कंट्रोल हो सकता है। मोबाइल ऐप से दुनिया में कहीं से भी संचालित किया जा सकता है। बेंगलुरु के एक रेस्त्रां में रोबोट्स कस्टमर्स को सर्विस देते हैं। वे खाना सर्व करते हैं, ऑर्डर भी लेते हैं। इन्हें देखकर केविन को तैयार करने का आइडिया मिला।

### होम सर्विस में यूज होगा

भूपेंद्र ने बताया कि केविन बुलाने पर पास आएगा तो चले जाने का कहने पर दूर हो जाएगा। उन्होंने बताया, फ्यूचर एप्लीकेशन देखें तो यह होम सर्विस में यूज होगा। होम ऑटोमेशन का कंट्रोल करने के साथ-साथ स्विच ऑफ एंड ऑन कर सकता है।

### समय 4 माह, खर्च 40 हजार रुपए

रोबोट पूरी तरह से मेड इन इंदौर है। इसे बनाने में 4 माह का समय लगा और खर्च 35 से 40 हजार रुपए। भूपेंद्र बताते हैं कि अन्य सर्विस रोबोट्स की तुलना में यह काफी सस्ता है। मार्केट में इसकी कीमत 1 से 4 लाख रुपए तक होती है।